RAF SECTOR

NEWS CLIP

12/11/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Udaipur,(RAJ)

100 बटालियन द्रुत कार्य बल ने खेरोदा, वल्लभनगर, बड़ावली में किया रूट मार्च

वल्लभनगर | 100 बटालियन द्रुत कार्य बल अहमदाबाद, गुजरात की एक प्लाटून जिले में 5 से 11 नवंबर तक परिचित अभ्यास के लिए तैनात है। इसी उद्देश्य से बुधवार को यह प्लाटून मोहन सिंह (उप कमा.) के नेतृत्व व कमांडेंट गोविंद प्रसाद उनियाल के दिशा-निर्देशन में वल्लभनगर थाने का भ्रमण किया। परिचित अभ्यास के लिए नामित प्लाटून का मुख्य उद्देश्य जिले के कलेक्टर एवं एसपी से मेल-मिलाप कर जिले के संवेदनशील, अति संवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करते हुए जिले के इलाकों के वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों से मेल-मिलाप करना एवं पूर्व में घटित हुए दंगों, गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल करना है।

खेरोदा | थाना क्षेत्र में बुधवार को 100 वाहिनी दूत कार्य बल अहमदाबाद गुजरात की एक प्लाटून ने रूट मार्च किया। रूट मार्च के प्रभारी गोविंद प्रसाद उनियाल के दिशा-निर्देशन में कस्बे के वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों से मेल मिलाप कर सुरक्षा बलों की छवि को मजबूत बनाया। साथ ही थानाधिकारी पवन सिंह से थाना क्षेत्र की भौगोलिक एवं सांप्रदायिक जगहों के बारे में जानकारी ली गई।

खेरोदा

वल्लभनगर

बड़ावली

बड़ावली | 100 वाहिनी द्रुत कार्य बल अहमदाबाद के दल ने उप कमांडेंट मोहन सिंह के नेतृत्व और कमांडेंट गोविंद प्रसाद उनियाल के दिशा-निर्देशन में सेमारी थाने का भ्रमण किया। इस का मुख्य उद्देश्य जिले के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त करते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों समाजसेवी और गणमान्य व्यक्तियों से मेल मिलाप करना एवं पूर्व में घटित हुए दंगों व अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल करना है। थानाधिकारी दौलत सिंह सहित स्टाफ और ईंटाली सरपंच प्रतिनिधि नारायण मीणा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

Allahabad Express, Prayagraj, (UP)

आर ए एफ ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

इलाहाबाद एक्सप्रेस – कपिल सिंह

प्रयागराज। 101 द्रुत कार्य बल कैंप परिसर में आज दिनांक 1011 2022 को डॉ अशोक कुमार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम के दिशा निर्देशन में 101 द्रुत कार्य बल के मांटेसरी स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष में 7 से 14 नवंबर सभी बच्चों के कंपलीट हेल्थ चैकअप के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया डॉ अशोक कुमार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा मातेश्वरी स्कूल के सभी बच्चों का संपूर्ण हेल्थ चेकअप जैसे आईसाइट ओरल हाइजीन हाइट बेटचेक किया गया अवसर पर बच्चों के माता-पिता को डॉक्टर अशोक कुमार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा ब्रेस्टफीडिंग चाइल्ड न्यूट्रिशन इम्यूनाइजेशन वह हाइजीन के विषय में विशेष जानकारी एवं उचित दवाइयां दी गई का बादशाह श्रीमती प्रीति गौतम ने उनके इस योगदान हेतु विशेष आभार प्रकट किया इस अवसर पर श्री विनोद कुमार उप कमांडेंट श्री बृजेश कुमार दुबे उप कमांडेंट महिला कार्मिक सभी शिक्षक गण तथा बच्चों के अभिभावक गण उपस्थित रहे।

Dabang News, Ranchi, (JKD)

रैपिड एक्शन फोर्स ने पेलावल मे निकाला फ्लैग मार्च

दबंग हिन्द संवाददाता

कटकमसांडी। पेलावल ओपी से पबरा मोड़ तक करीब एक किमी. पैदल फ्लैग मार्च निकालकर रैपिड एक्शन फोर्स 106 का बटालियन ने समाज को शांति व सुरक्षा का संदेश दिया। फ्लैग मार्च की शुरूआत पेलावल ओपी से की गई।इस मौके पर असिस्टेंट कमांडर गुलशन कुमार, डीएसपी राजीव कुमार, ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, सुबेदार गौतम विश्वास, आरएएफ एसआई मनोज कुमार व सौ की संख्या में आरएएफ जवान शामिल थे। जवान पंक्तितबद्ध होकर कटकमसांडी हजारीबाग मुख्य पथ से बीच पेलावल से चलकर पबरा मोड़ तक गए। मौके पर असिस्टेंट कमांडर गुलशन कुमार ने कहा कि हम समाज के हितैषी हैं, शत्रु नही। हमारा उदेश्य समाज में शांति व्यवस्था कायम करना है।साथ ही उपद्रवियों पर नकेल कसकर अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन को सुपुर्द करना है। वहीं डीएसपी राजीव कुमार ने कहा कि सामुदायिक पुलिंसिंग व्यवस्था के तहत समाज के लोगों के सहयोग से क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बहाल करना हमारा कर्तव्य है। समाज का भी दायित्व है ।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।